भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं. 109**
11 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः- बरेली में सिंचाई योजना**

**109. श्री छत्रपाल सिंह गंगवार:**

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बरेली में किसानों की संख्या का ब्यौरा क्या है और यहां सिंचाई और कृषि योजनाओं के तहत कितने किसान लाभान्वित हुए और उन्हें कितना लाभ हुआ है;

(ख) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बरेली में कितने किसानों को मुआवजा प्रदान किया गया;

(ग) बरेली में गन्ना किसानों को किए जाने वाले भुगतान की प्रक्रिया समय पर पूरी करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण तथा विद्युतीकरण के लिए कितना बजट आवंटित किया गया है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)**

**(क) से (घ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**"बरेली में सिंचाई योजना" के संबंध में दिनांक 11.02.2025 को लोक सभा में उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 109 के भाग (क) से (घ) के संबंध में उल्लिखित विवरण।**

(क) कृषि राज्य का विषय है और भारत सरकार उत्तर प्रदेश सहित राज्य सरकारों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करती है। जिलेवार लाभान्वित किसानों की संख्या का विवरण केंद्र स्तर पर नहीं रखा जाता है।

उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बरेली जिले में 5,45,465 किसान हैं जिन्हें वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना (पीएम-किसान) के तहत सहायता दी गई है। यह केंद्र सरकार की ओर से किसानों के खाते में सीधे किया जाने वाला एकमात्र प्रत्यक्ष लाभ अंतरणण है।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश राज्य सहित पूरे देश में प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी) को कार्यान्वयन कर रहा है। यह योजना माइक्रो इरीगेशन को अपनाकर फार्म लेवल पर जल उपयोग दक्षता बढ़ाने पर केंद्रित है। वर्ष 2016-17 से अब तक बरेली जिले में 3868 हेक्टेयर क्षेत्र को माइक्रो इरीगेशन के तहत कवर किया गया है, जिससे 2075 किसान लाभान्वित हुए हैं।

(ख) वर्ष 2018-19 से अब तक बरेली जिले में 1,75,508 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत नामांकित किया गया है और किसानों को 11.74 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया गया है।

(ग) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार सीजन 2023-24 के लिए गन्ना किसानों के बकाया कुल भुगतान 1208.16 करोड़ रुपए में से 1180.30 करोड़ रुपए (97.69%) का भुगतान जनपद बरेली में संचालित पांच गन्ना मिलों द्वारा किया जा चुका है। सीजन 2024-25 के लिए गन्ना किसानों के बकाया कुल भुगतान 641.73 करोड़ रुपए में से 471.76 करोड़ रुपए (73.51%) का भुगतान किया जा चुका है।

(घ) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत 3.89 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं और अब तक 3.33 लाख करोड़ रुपये (राज्य हिस्सेदारी सहित) व्यय किए गए हैं।

विद्युत मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत विद्युत वितरण इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये तथा स्मार्ट मीटरिंग कार्यों के लिए 1.31 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

*****